हरिभूमि
# मालवा भूमि फ्रंट पेज
भोपाल, शुक्रवार 17 अक्टूबर 2025
[ नागदा | महिदपुर | तराना | बड़नगर | उन्हेल | घट्टिया | इंगोरिया | खाचरौद | माकड़ोन | कायथा ]

04 एसडीईएम, तहसीलदार लगातार मॉनिटरिंग...



09 स्थानीय निर्मित दीपों का बड़ा बाजार चीनी दीपक पसंद...



## खबर संक्षेप में

### ग्राम पंचायतों में ग्राम सभा आयोजन के निर्देश

**सीहोर।** कलेक्टर बालागुरू के. के निर्देशानुसार जिला पंचायत सीईओ सर्जना यादव ने सिस्टमैटिक एंड एक्टिव मीटिंग्स इन विलेजेज टू एंड डेवलपमेंट पहल के प्रभावी क्रियान्वयन के लिए सभी संबंधित अधिकारियों को जिले की सभी ग्राम पंचायतों में ग्राम सभाओं का नियमित मासिक आयोजन कराने के निर्देश दिए हैं। उन्होंने निर्देश दिए हैं कि कैलेंडर अनुसार निर्धारित दिवसों में ग्राम सभाओं का आयोजन किया जाए और ग्राम सभाओं में पंचायतीराज मंत्रालय द्वारा जारी निर्देशानुसार सभी गतिविधियां आयोजित की जाएं। ग्राम सभाएं आयोजित करने का उद्देश्य ग्राम स्तर पर पारदर्शिता, जनभागीदारी और जवाबदेही को सुदृढ़ करना है।

### यातायात का पालन करने वाले नागरिकों को किया जा रहा सम्मानित

**सीहोर।** कलेक्टर बालागुरू के. के निर्देशानुसार जिले में सड़क सुरक्षा के प्रति जनजागरूकता बढ़ाने के उद्देश्य से परिवहन विभाग द्वारा सराहनीय पहल की गई है। परिवहन विभाग के अधिकारियों-कर्मचारियों द्वारा वाहन चलाते समय हेलमेट लगाने वाले एवं यातायात नियमों का पालन करने वाले जिम्मेदार नागरिकों को फूल देकर सम्मानित किया जा रहा है। इसका उद्देश्य नागरिकों को यातायात नियमों के पालन के लिए प्रेरित करना है।

## खाद के लिए रतजगा : किसानों को रात भर लाइन में खड़े होने के बाद मिल रही खाद की एक-दो बोरी

# खाद की किल्लत से जूझ रहे किसान बोले- रबी सीजन की बुवाई का समय, कार्य प्रभावित हो रहा

क्षेत्र में इन दिनों किसानों द्वारा रबी सीजन की बुवाई की तैयारियां की जा रही हैं। लेकिन उन्हें यूरिया और डीएपी खाद के लिए परेशान होना पड़ रहा है।

हरिभूमि न्यूज ⏭ इछावर





जिले भर में इस समय किसान खाद की भारी किल्लत से जूझ रहा है। हालात इतने खराब हैं कि सहकारी समितियों के बाहर किसानों को रात भर लाइन में खड़े होने को मजबूर होना पड़ रहा है। इसके बावजूद उन्हें खाली हाथ ही लौटना पड़ता है तो कभी - कभार घंटों की मशक्कत के बाद एक-दो बोरी नसीब हो रही है। किसानों को खाद की पर्याप्त आपूर्ति नहीं होने से रबी सीजन की बुवाई का कार्य प्रभावित हो रहा है। इस संकट के कारण किसानों में गहरी निराशा है और कई जगह विरोध प्रदर्शन हो रहे हैं।

ताजा मामला बोरदी कलां गांव का है, जहां खाद की किल्लत के चलते किसान मंगलवार-बुधवार दरमियानी रात को सहकारी समिति परिसर में रातभर लाइन में खड़े रहे। प्रशासनिक अव्यवस्था के बीच जब खाद वितरण शुरू हुआ तो पुलिस जवानों को व्यवस्था संभालनी पड़ी। तब कहीं जाकर किसानों को एक - दो बोरी खाद मिल पाया। किसानों का कहना है कि उन्हें खाद की गंभीर समस्या से जूझना पड़ रहा है। खाद नहीं मिलने से कृषि कार्य प्रभावित हो रहें, लेकिन इसके बावजूद शासन, प्रशासन द्वारा इस समस्या का कोई उचित समाधान नहीं निकाला जा रहा है। किसानों के यह भी आरोप है कि खाद की आपूर्ति सोसायटियों में कम है, जबकि बाजार में इसकी जमकर कालाबाजारी हो रही है। व्यापारियों द्वारा खाद महंगे दामों पर खुलेआम बेचा जा रहा है। किसानों ने कहा कि यदि शासन, प्रशासन हमें खाद नहीं दे सकता है तो कम से कम सल्फास ( जहर ) ही दे दें। ताकि उन्हें आए दिन की जद्दोजहद से छुटकारा मिल सके।

### खाद नहीं मिलने से किसानों में निराशा

क्षेत्र में इन दिनों किसानों द्वारा रबी सीजन की बुवाई की तैयारियां की जा रही हैं। लेकिन उन्हें यूरिया और डीएपी खाद के लिए परेशान होना पड़ रहा है। शासन-प्रशासन के सब ठीक हैं के दावों के बावजूद हकीकत यह है कि किसानों को खाद के लिए सोसायटी परिसरों में घंटों नहीं, बल्कि दो-दो दिन तक लाइन में लगना पड़ रहा है। कहीं अधिकारी-कर्मचारियों के धक्के झेलने पड़ रहे हैं, तो कहीं हाथापाई की नौबत आ रही है। किसानों के अनुसार घंटों की भारी मशक्कत के बाद उन्हें बमुश्किल एक - दो बोरी खाद ही मिल रहा है। चाहे उनके पास 5 बीघा जमीन हो या 10 बीघा। ऐसे में उनका कहना है कि खाद की किल्लत के कारण रबी सीजन की बुवाई का कार्य प्रभावित हो रहा है। जबकि खरीफ फसल पहले ही खराब हो चुकी है। अब रबी फसल से कुछ उम्मीद है तो ऐसे में उन्हें पर्याप्त मात्रा में खाद की आपूर्ति नहीं हो रही इससे किसानों में खासी निराशा है ।

### नहीं है खाद की कमी

क्षेत्र में खाद की कोई कमी नहीं है, खाद लगातार आ रहा है। ब्लाक में 11 सहकारी समिति और 3 प्रायवेट संस्थानों द्वारा खाद का निरंतर वितरण किया जा रहा है। कहीं भी किसान रात्रि में सोसायटी में लाइन न लगाएं, सुबह आकर टोकन प्राप्त करें और आराम से खाद लें।

दुर्गेश तिवारी, नायब तहसीलदार

## एनकोर्ड समिति की बैठक हुई आयोजित

# समूचे जिले में अफीम, गांजा, भांग आदि की अवैध खेती पर कड़ी निगरानी रखें: कलेक्टर प्रीति यादव



हरिभूमि न्यूज ⏭ नलखेड़ा



कलेक्टर प्रीति यादव की अध्यक्षता और पुलिस अधीक्षक विनोद कुमार सिंह की उपस्थिति में जिला स्तरीय नारकोटिक्स कोआर्डिनेशन (एनकोर्ड) की बैठक बुधवार को कलेक्टर कक्ष में संपन्न हुई।

जहां जिले में अवैध मादक पदार्थों की रोकथाम, तस्करी पर नियंत्रण एवं जन जागरूकता को लेकर विस्तार से चर्चा करते हुए कलेक्टर ने अधिकारियों का आवश्यक निर्देश दिए। इस अवसर पर जिला आबकारी अधिकारी डॉ. राजीव द्विवेदी, ड्रग इंस्पेक्टर रोशनी धुर्वे एवं कृषि विभाग के जिला परामर्शदाता बी.एस. करोरिया सहित विभिन्न विभागों के अधिकारी उपस्थित रहे। कलेक्टर ने कहा कि जिले को नशा मुक्त बनाने हेतु सभी विभाग समन्वित प्रयास करें। नशीले पदार्थों की आपूर्ति एवं दुरुपयोग पर अंकुश लगाएं, किसी भी स्थिति में जिले में प्रतिबंधित एवं नशीले पदार्थों का विक्रय न हों। जिले में अफीम, गांजा, भांग आदि की अवैध खेती पर कड़ी निगरानी रखी जाए। ड्रूग इंस्पेक्टर नशीली दवाओं की बिक्री पर निगरानी रखें और मेडिकल स्टोर्स की नियमित जांच करें, प्रतिबंधित एवं नशीली दवाओं का विक्रय करने वाले विक्रेताओं पर कठोर कार्रवाई प्रस्तावित करें।

नशामुक्ति को लेकर विद्यालय, महाविद्यालयों में जन-जागरूकता कार्यक्रम करें। बैठक में विभागों के बीच नियमित सूचना आदान-प्रदान एवं अंतरजिला/ अंतरराज्यीय स्तर पर तस्करी से जुड़े मामलों में संयुक्त जांच की रूपरेखा तय की गई।



### कलेक्टर यादव ने किया नगर परिषद् कानड़ का औचक निरीक्षण

**कानड़।** कलेक्टर प्रीति यादव ने बुधवार को कार्यालय नगर परिषद कानड़ का औचक निरीक्षण किया । कलेक्टर ने विभिन्न शाखाओं का निरीक्षण कर विभागीय कार्यां जानकारी लेकर आवश्यक निर्देश दिए। कलेक्टर ने कार्यालय में समीक्षा बैठक लेकर जन्म मृत्यु प्रमाण पत्र बनाने, शासन की संचालित विभिन्न योजनाओं जैसे कायाकल्प अभियान, अमृत 2.0 आदि की जानकारी, राजस्व वसूली, नगर की साफ सफाई व्यवस्था, जल प्रदाय व्यवस्था आदि के बारे में जानकारी लेकर आवश्यक निर्देश दिए। कलेक्टर ने सीएम हेल्पलाईन की लम्बित शिकायतों की समीक्षा कर सीएमओ को शिकायतों का समाधानकारी निराकरण करवाने के निर्देश दिए। उन्होंने निर्देश दिए कि नगर में सफाई व्यवस्था सुचारू रहें, सफाई के लिये नागरिकों को जागरूक करें, प्रतिदिन कचरा संग्रहण वाहनों से कचरा संग्रहित कर निर्धारित स्थानों पर डाला जाए। तत्पश्चात कलेक्टर ने नवीन बस स्टेंड स्थित गार्डन और ट्रेंचिंग ग्राउंड का निरीक्षण किया। बैठक में नप अध्यक्ष शिप्राबाई बाबूलाल बिजापारी, एसडीएम आगर मिलिंद ढोंके, तहसीलदार विजय सेनानी,बाबूलाल बिजापारी सांसद प्रतिनिधि आदि मौजूद थे।

## राष्ट्रीय साइबर जागरुकता माह में जनजागरण अभियान जारी

# ऑनलाइन ठगी, डिजिटल अरेस्ट, फेक लोन ऐप व क्यूआर कोड फ्रॉड से बचाव के उपाय बताए गए

### ग्रामीण अंचलों में नागरिकों को साइबर अपराधों से सतर्क रहने का संदेश

हरिभूमि न्यूज ⏭ नलखेड़ा




पुलिस अधीक्षक विनोद कुमार सिंह के निर्देशन में राष्ट्रीय सायबर जागरूकता माह (01 से 31 अक्टूबर 2025) के अंतर्गत जिला आगर मालवा में सघन जन-जागरूकता अभियान निरंतर संचालित किया जा रहा है। इस अभियान का मुख्य उद्देश्य नागरिकों को बढ़ते सायबर अपराधों से सतर्क करना एवं डिजिटल सुरक्षा के प्रति जागरूकता बढ़ाना है।

इसी क्रम में गुरुवार को पुलिस टीम द्वारा थाना नलखेड़ा क्षेत्र के सेमली, बोरखेड़ी, चांपाखेड़ा, जामुनी, पाडलिया, सिया, गोंदलमऊ, एवं झीकड़िया गांवों में पहुंचकर ग्रामीणों, महिलाओं, विद्यार्थियों एवं स्थानीय नागरिकों को सायबर अपराधों से बचाव के बारे में विस्तार से जानकारी दी गई। अभियान के दौरान सउनि आशा लकवाल एवं उनकी टीम ने बताया कि सायबर अपराधी अक्सर फर्जी लिंक, क्यूआर कोड, डिजिटल अरेस्ट कॉल, लोन ऐप, ऑनलाइन शॉपिंग साइट्स या सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म्स के माध्यम से ठगी करते हैं। ग्रामीणों को समझाया गया कि किसी भी अज्ञात व्यक्ति को ओटीपी, बैंक अकाउंट डिटेल या पासवर्ड साझा न करें तथा मोबाइल में अनजान एप, फाइल या एप्लिकेशन डाउनलोड करने से बचें, क्योंकि ऐसे एप्स से निजी डेटा चोरी हो सकता है।

टीम ने यह भी बताया कि यदि कोई व्यक्ति सायबर ठगी का शिकार हो जाए, तो तुरंत राष्ट्रीय हेल्पलाइन नंबर 1930 पर संपर्क करें या पोर्टल पर शिकायत दर्ज कराएं। शीघ्र कार्रवाई से धनराशि को फ्रीज कराया जा सकता है और नुकसान की भरपाई की संभावना रहती है। जिला पुलिस द्वारा चलाया जा रहा यह सायबर जनजागरूकता अभियान ग्रामीण क्षेत्रों में डिजिटल साक्षरता को सुदृढ़ करने और ह्लसुरक्षित ऑनलाइन समाजह्व के निर्माण की दिशा में एक प्रभावी कदम साबित हो रहा है। पुलिस द्वारा आगामी दिनों में भी यह अभियान जिले के सभी थाना क्षेत्रों में सतत रूप से जारी रहेगा।

# यूनीक पब्लिक स्कूल में रंगोली एवं विज्ञान प्रदर्शनी का हुआ आयोजन

**नलखेड़ा।** स्थानीय यूनीक पब्लिक स्कूल में सृजनात्मकता, विज्ञान और कला को प्रोत्साहित करने हेतु रंगोली एवं विज्ञान प्रदर्शनी का आयोजन किया गया। इस अवसर पर मुख्य अतिथि के रूप में डॉ.सुखदेव बैरागी, पार्षद वंदना जायसवाल, पुष्पा भट्ट एवं भार्गवी जोशी उपस्थित रहीं। कार्यक्रम के संचालक मनीष भट्ट ने बताया कि विद्यालय द्वारा एक सप्ताह का रंगोली वर्कशॉप का आयोजन किया गया था। इस वर्कशॉप में विभिन्न प्रकार की रंगोली बनाने का प्रशिक्षण दिया गया। वर्कशॉप का उद्देश्य विद्यार्थियों की कल्पनाशक्ति, नवाचार और आत्मविश्वास को बढ़ाना एवं कला के प्रति बच्चों की समझ को विकसित करना था।

उन्होंने विद्यार्थियों को अपनी प्रतिभा को निखारने और नई सोच के साथ आगे बढ़ने का संदेश दिया। विज्ञान प्रदर्शनी में विद्यार्थियों ने अनेक रोचक और ज्ञानवर्धक कार्यशील मॉडल प्रस्तुत किए जिनमें जैविक-क्रिया, होम इंटीग्रेशन, घटना से बचाव,सौर ऊर्जा, जल संरक्षण, पर्यावरण संरक्षण, स्वच्छ ऊर्जा, रोबोटिक्स एवं विज्ञान और तकनीकी नवाचार से संबंधित मॉडल विशेष आकर्षण का केंद्र रहे। सभी मॉडल विद्यार्थियों की वैज्ञानिक समझ और रचनात्मक सोच को दर्शा रहे थे। भूगोल से संबंधित मॉडल में बच्चों ने सोलर सिस्टम, रॉक साइकिल, वॉल्कानो, लेयर ऑफ द अर्थ, लेयर ऑफ द एटमॉस्फियर, बायोडायवर्सिटी, लैंडफॉर्म्स ऑफ द अर्थ, ओसियन-कॉन्टिनेंट ऑन द अर्थ आदि क्रियाशील मॉडल का निर्माण किया। रंगोली



प्रदर्शनी में विद्यार्थियों ने अपनी कला और सौंदर्यबोध का उत्कृष्ट प्रदर्शन किया। रंग-बिरंगी और विषयपरक रंगोलियों ने विद्यालय परिसर को मनमोहक बना दिया।

पर्यावरण, महिला सशक्तिकरण, राष्ट्रीय एकता और संस्कृति संरक्षण जैसे विषयों पर बनाई गई रंगोलियों ने दर्शकों का मन जीत लिया। बच्चों की रंगोली एवं विज्ञान प्रदर्शनी को देखने के लिए अभिभावक भी आमंत्रित थे।अभिभावकों ने बच्चों के प्रयासों को सराहा। कार्यक्रम के अंत में विजयी प्रतिभागियों को पुरस्कृत किया गया तथा सभी विद्यार्थियों को उनके उत्कृष्ट प्रदर्शन के लिए प्रोत्साहित किया गया।

## दीप पर्व के लिए चाक से दीपक बनाकर करेंगें घरों में उजाला

# पुश्तैनी पंरपरा को जीवित रखने बना रहे मिट्टी के दीपक

हरिभूमि न्यूज ⏭ नलखेडा

कला प्रेमियों का क्षेत्र कहे जाने वाले मालवा क्षैत्र में भी अब घरेलु कलाकार उपेक्षा के शिकार हो रहे है। दीपावली को ध्यान में रखते हुए मिट्टी से बनने वाले दीये, बर्तन, खिलौने आदि की पिछले कुछ सालों तक तो ग्रामीण अंचल सहित शहरी क्षेत्रों में भी बिक्री खूब हुआ करती थी, लेकिन आधुनिक सामग्री ने धीरे-धीरे बाजार पर एकाधिकार जमा लिया है जिससे इन मिट्टी से बने सामानों की बिक्री पर खासा असर पडा है। ऐसे हालातों में भी नगर में कुछ परिवार ऐसे हैं जो मिट्टी की इस कला को सिर्फ रस्म नहीं बल्कि अपनी पूंजी मानकर जीवन का अंधेरा दूर करने में लगे हुए हैं। क्षैत्र में ऐसे कईं शिल्पकार है जो मिट्टी को नए-नए आकार देकर अपने परिवार का पेट पालते हैं, दीपावली नजदीक आते ही दो माह पहले से ही पूरा परिवार काम में लग जाता है और शुरू हो जाता है मिट्टी में जान फूंकने का सिलसिला,मिट्टी के दीपक बनाने का सिलसिला। बाजार में रंगबिरंगी लाइट सहित फैंसी वस्तुओं की बिक्री बढने से भले ही इन परिवारो के उत्पादनों की बिक्री प्रभावित हुई हो लेकिन इनका हौंसला



बरकरार है। मंहगाई के चलते मिट्टी से बनने वाले इन दियों और सामग्रीयों को बनाने में लागत काफी बढ गई है और मुनाफा काफी कम हो रहा है, परन्तु आर्थिक स्थितियां बिगडने के बावजूद भी ये शिल्पकार अपनी पुश्तैनी परपंरा को जीवित रखने के लिए आज भी दीपावली पर मिट्टी के दियों के साथ ही विभिन्न प्रकार की सामग्रीयां बनाते चले आ रहे है। दीपावली की रौनक बिना दीपों के अधूरी है। भले ही आधुनिकता के इस युग में दीपक का स्थान बिजली से चलने वाले रंगबिरंगे दीपकों ने ले लिया हो, लेकिन फिर भी मिट्टी से बने हुए दीपक का अपने आप में एक अलग ही महत्व होता है। शहरों सहित ग्रामीण अंचलों में दीपावली के समय सभी अपने घरों में मिट्टी के दीपक ही लगाना शुभ मानते हैं। दीपावली के समय यूं तो सभी अपने घरों व प्रतिष्ठानों पर विभिन्न प्रकार की बिजली से चलने वाली आकर्षक लाईट लगाते हैं लेकिन इन लाईट्स की रोशनी से जहां करंट का खतरा रहता है वहीं यह बनावटी भी लगती है। दीपों की रोशनी लोगों को लुभाती है और दीपक जलाने को लेकर कईं मान्यताएं है। इसको जलाना शुभ माना जाता है। लक्ष्मी पूजन के समय भी दीपक को ही जलाया जाता है। यही कारण है कि कुंभकार समाज के लोगों ने पर्व के कईं दिनों पूर्व से ही दीपक बनाने का काम आरंभ कर दिया है। दीपकों का केवल दीपावली ही नहीं बाकि अन्य त्यौहारों के समय भी इसका उपयोग किया जाता है वहीं दीपावली के पूर्व महिलाओ के लिए आने वाला करवा चौथ का उपवास भी बिना दीपक के अधूरा होता है। करवा चौथ पर इसकी खास मांग रहती है। इसीलिए छोटे दीपक बनाने के साथ-साथ बडे दीपक भी कुंभकार समाज के लोग बना रहे हैं। नगर के कुंभकार समाजजनों से चर्चा की गई तो उन्होने बताया कि हम अभी भी चाक चलाकर हाथ से दीपक बनाते है। यह हमारी पुरानी परंपरा है। लाईट से चलने वाले दीपको का मिट्टी के दीपको की बिक्री पर कोई खास असर नहीं होता है। हमारे दीपक हर साल भरपूर संख्या में बिकते हैं। दीपकों की मांग के अनुसार ही हमने पर्व के कईं दिनों पूर्व से ही दीपक बनाने आरंभ कर दिये थे। नगर के ऐसे ही शिल्पकार राजा एवं अंकित कुम्भकार भी अपने घर पर चाक चलाकर दीपक बनाने का कार्य कर रहे है। उन्होंने बताया कि हम इतने ही दीपक बनाते है जितने फुटकर बेच सकते है, हम थोक में दीपक का विक्रय नही करते है। उन्होंने बताया कि हमारे परिवार में कई पीढ़यिों से दीपक बनाने का यह कार्य किया जा रहा है जिसे हम भी जारी रखे हुवे है।

**खबर संक्षेप**

### विहिप पदाधिकारी के साथ विवाद करने वाले तीन लोग गिरफ्तार



**चापडा।** पुलिस थाना कमलापुर अंतर्गत ग्राम खेड़ा खल में 12 अक्टूबर को मुस्लिम समुदाय के तीन व्यक्तियों द्वारा विश्व हिंदू परिषद के पदाधिकारीयो व कार्यकर्ताओं के साथ मारपीट की गई थी, जिसके बाद विश्व हिंदू परिषद के कार्यकर्ता एवं पदाधिकारी द्वारा कमलापुर थाने पर विशेष समुदाय के तीन व्यक्तियों के खिलाफ एफआईआर दर्ज कराई गईजिसके बाद पुलिस थाना कमलापुर प्रभारी उपेंद्र नाहर व्दारा लगातार आरोपियों की तलाश की जा रही थी।थाना प्रभारी उपेंद्र नाहर ने बताया कि बुधवार को आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया गया हैजिनके व्दारा विश्व हिंदू परिषद संयोजक तनू शर्मा व उनके शासकीय सुरक्षा कर्मी के साथ हाथापाई, मारपीट व साथियों के साथ गाली गलोच व विवाद करते हुए जान से मारने की धमकी देने वाले खेड़ाखाल के 3 आरोपी कल्लू, साहिल, भूरू खलील को गिरफ्तार किया है, जिन्हें बागली न्यायालय में पेश किया गया।

### खाद वितरण, सीएम हेल्पलाइन, जॉब पोर्टल की समीक्षा बैठक हुई आयोजित

# एसडीएम, तहसीलदार लगातार मॉनिटरिंग कर वितरण केंद्रों का करें निरक्षणः कलेक्टर

### हेल्पलाइन शिकायतों के निराकरण के लिए दो दिन का विशेष अभियान चलाए

हरिभूमि न्यूज ⏭ देवास



कलेक्टर ऋतुराज सिंह की अध्यक्षता में खाद वितरण, सीएम हेल्पलाइन, देवास जॉब पोर्टल की समीक्षा बैठक कलेक्टर कार्यालय सभाकक्ष में आयोजित हुई। बैठक में सीईओ जिला पंचायत ज्योति शर्मा, आयुक्त नगर निगम दलीप कुमार, अपर कलेक्टर शोभाराम सोलंकी, अपर कलेक्टर संजीव जैन, एसडीएम देवास आनंद मालवीय, डिप्टी कलेक्टर ऋतु चौरसिया सहित अन्य जिलाधिकारी उपस्थित थे। बैठक में कलेक्टर सिंह ने खाद वितरण की समीक्षा कर निर्देश दिए कि सभी एसडीएम और तहसीलदार लगातार खाद वितरण केंद्रों का निरक्षण करते रहे। कंट्रोल रूम से जिले में खाद वितरण की लगातार मॉनिटरिंग करते रहें, जिनकी ड्यूटी वितरण केंद्रों पर लगाई गई है, वे प्रतिदिन खाद वितरण केंद्रों पर उपस्थित रहे और प्रतिदिन रिपोर्ट दें। उन्होंने सभी संबंधित अधिकारियों को सुचारू रूप से खाद वितरण के निर्देश दिए। इस दौरान कृषि विभाग के अधिकारियों ने बताया कि जिले में लगातार खाद की आपूर्ति हो रही है। आगामी दिनों में खाद की रैक लगने वाली है। कलेक्टर ने कहा कि रबी सीजन को देखते हुए सभी एसडीएम अपने-अपने क्षेत्र में सभी विभागों के अधिकारियों के साथ बैठक करें। उन्होंने कहा कि 17 अक्टूबर भावांतर योजना अंतर्गत पंजीयन की अंतिम तिथि है, जो किसान पंजीयन करवाने से शेष रह गए हैं, उन किसानों का पंजीयन 17 अक्टूबर तक करवालें। जिले में पराली जलाने की घटनाएं नहीं होना चाहिए। पराली जलाने वालों पर आर्थिक दण्ड लगाने की कार्यवाही करें। सभी एसडीएम और तहसीलदार लगातार मॉनिटरिंग कर कार्यवाही करें। सिंह ने सीएम हेल्पलाइन शिकायतों की समीक्षा कर सभी जिला अधिकारियों को निर्देश दिये कि जिला अधिकारी सीएम हेल्पलाइन पर लम्बित शिकायतों को निराकरण प्राथमिकता से करें। सीएम हेल्पलाइन शिकायतों का निराकरण संतुष्टिपूर्वक करें। कलेक्टर श्री सिंह ने कहा कि सभी विभाग शिकायतों के निराकरण में ए ग्रेड में रहे। कोई भी विभाग बी, सी और डी ग्रेड में नहीं रहें। सभी विभाग सीएम हेल्पलाइन शिकायतों के निराकरण के लिए दो दिन का विशेष अभियान चलाकर लंबित शिकायतों का निराकरण करें। "देवास जॉब पोर्टल" की समीक्षा कर निर्देश दिए कि देवास जॉब पोर्टल के माध्यम से ज्यादा से ज्यादा युवाओं को रोजगार दे। "देवास जॉब पोर्टल" पर अधिक से अधिक युवाओं का पंजीयन करें, जिससे जिले के युवाओं को आसानी से रोजगार मिल सके। कंपनियों के साथ लगातार बैठक करते रहें। कॉलेजो में कैम्प लगाकर युवाओं को पोर्टल के संबंध में जानकारी दें।

# त्योहारों पर अवैध ठेलों व दुकानों की मनमानी से सराफा व्यापारी परेशान

### प्रशासन मौन, व्यापारियों में आक्रोश



हरिभूमि न्यूज ⏭ देवास

सुभाष चौक सराफा बाजार के व्यापारी इन दिनों भारी परेशानी का सामना कर रहे हैं। व्यापारियों ने कलेक्टर देवास को ज्ञापन सौंपते हुए बताया कि हर त्यौहार चाहे होली, दिवाली, गणेश उत्सव या माताजी का पर्व हो उनकी दुकानों और मकानों के सामने बड़े-बड़े तकत, ठेले और अवैध दुकानें लगाकर रास्ता पूरी तरह बंद कर दिया जाता है।

व्यापारियों का कहना है कि जब वे इन अवैध दुकानों का विरोध करते हैं तो दादागिरी और धमकियां दी जाती हैं। कई बार शिकायत करने के बावजूद कोई कार्रवाई नहीं की गई, जिससे उनकी परेशानी दिन-प्रतिदिन बढ़ती जा रही है। व्यापारियों ने बताया कि वे संपत्ति कर, जलकर और आयकर नियमित रूप से भरते हैं, फिर भी अपनी दुकानों के सामने वाहन पार्क करने तक की जगह नहीं मिलती।

अवैध दुकानों के कारण गुंडागर्दी, भीड़भाड़ और अव्यवस्था बढ़ रही है, जिससे व्यापार और पारिवारिक जीवन दोनों प्रभावित हो रहे हैं। व्यापारियों ने प्रशासन से तुरंत अवैध ठेलों और दुकानों को हटाने की मांग की है ताकि दीपावली जैसे प्रमुख त्योहारों पर व्यापार सुचारू रूप से चल सके। चेतावनी दी है कि यदि शीघ्र कार्रवाई नहीं की गई, तो वे आंदोलन करने को मजबूर होंगे। ज्ञापन की प्रतिलिपि मुख्यमंत्री भोपाल, नगर निगम आयुक्त देवास और सिटी कोतवाली देवास को भी भेजी गई है।

# एटीएम कार्ड बदलकर निकाले 50 हजार, सीसीटीवी में कैद संदिग्ध, पुलिस कर रही आरोपियों की तलाश

हरिभूमि न्यूज ⏭ देवास



दो युवकों ने एक व्यक्ति का एटीएम कार्ड बदलकर उसके खाते से 50 हजार रुपये निकाल लिए। पीड़ित की शिकायत पर औद्योगिक क्षेत्र पुलिस ने अज्ञात आरोपियों के खिलाफ मामला दर्ज किया है। पुलिस को सीसीटीवी फुटेज में दो संदिग्ध युवक भी नजर आए हैं। जीतमल नगर निवासी भेरुलाल नागर (45) ने पुलिस को बताया कि वह ड्यूटी के बाद विकास नगर चौराहे स्थित एटीएम से पैसे निकालने गए थे। एसबीआई का एटीएम बंद होने के कारण वह केनरा बैंक के एटीएम पहुंचे। जब वह कार्ड लगाकर प्रक्रिया कर रहे थे, तो पैसे नहीं निकले। इसी दौरान उनके पीछे खड़े एक युवक ने मदद की पेशकश की और एटीएम गलत लगाने की बात कहकर उनका कार्ड बदल लिया। युवक ने अपना कार्ड मशीन में डाला और भेरुलाल को प्रक्रिया जारी रखने को कहा, जिसके बाद वह वहां से चला गया।

भेरुलाल ने जब देखा तो उनका असली एटीएम कार्ड गायब था। बाद में एसबीआई के ऐप पर स्टेटमेंट चेक करने पर उन्हें पता चला कि उनके खाते से पांच बार में 10-10 हजार रुपए, कुल 50 हजार रुपए निकाले जा चुके हैं। इसके बाद उन्होंने संबंधित थाने में शिकायत दर्ज कराई। पुलिस मामले की जांच कर रही है और सीसीटीवी फुटेज के आधार पर आरोपियों की तलाश जारी है।

### रघुवंशी बने श्री राजपूत करणी सेना कार्यकारी प्रदेश अध्यक्ष



**देवास।** देश के सबसे बड़े राजपूत युवा संगठन "श्री राजपूत करणी सेना" ने मध्यप्रदेश में संगठन को और अधिक सशक्त व संगठित करने के उद्देश्य से नई नियुक्ति की घोषणा की है। लगातार सामाजिक और धार्मिक कार्यो में सक्रिय ठा. विशाल सिंह रघुवंशी को संगठन का कार्यकारी प्रदेश अध्यक्ष (मध्यप्रदेश) नियुक्त किया गया है। यह नियुक्ति राष्ट्रीय अध्यक्ष महिपाल सिंह मकराना एवं प्रदेश अध्यक्ष सहेंद्र सिंह दिखित के हस्ताक्षर से जारी हुई है। संगठन ने विश्वास जताया है कि विशाल सिंह रघुवंशी अपने पद की गरिमा को बनाए रखते हुए करणी सेना की विचारधारा, एकता और सम्मान की रक्षा हेतु पूर्ण निष्ठा से कार्य करेंगे। राष्ट्रीय अध्यक्ष महिपाल सिंह मकराना ने कहा "श्री राजपूत करणी सेना सदैव समाज की एकता, सम्मान और युवाओं के उत्थान के लिए प्रतिबद्ध रही है। हमें विश्वास है कि विशाल सिंह रघुवंशी अपने नेतृत्व से मध्यप्रदेश में संगठन को नई ऊँचाइयों पर पहुँचाएँगे।" प्रदेश अध्यक्ष सजेंद्र सिंह दिखित ने भी नवनियुक्त प्रदेश अध्यक्ष को शुभकामनाएँ दीं और कहा कि उनकी नियुक्ति से प्रदेश में संगठनात्मक मजबूती को नया आयाम मिलेगा। श्री रघुवंशी के मनोनयन पर संगठन पदाधिकारियों, कार्यकर्ता एवं इष्टमीत्रो ने बधाई दी।

# आबकारी विभाग ने कार्रवाई कर पांच प्रकरण किए दर्ज



हरिभूमि न्यूज ⏭ देवास

आबकारी विभाग की सयुंक्त टीम द्वारा आबकारी वृत्त सोनकच्छ क्षेत्र में गुरुवार को संदिग्ध स्थानों में पर सर्चिंग की गई। जिसमें एक कार की डिक्की से 52 पाव देशी मदिरा तथा अन्य स्थानों से 45 लीटर हाथ भट्टी मदिरा एवं 800 किलो ग्राम महुआ लाहन बरामद किया गया। कार्यवाही में कुल 05 प्रकरण मध्य प्रदेश आबकारी अधिनियम 1915 की धारा 34(1) के तहत दर्ज किए गए है।जप्त सामग्री एवं वाहन का मूल्य लगभग 04 लाख 93 हजार रुपये है।

की गई कार्यवाही में आबकारी उपनिरीक्षक प्रेम यादव, दिनेश भार्गव, डीपी सिंह, उमेश स्वर्णकार, कैलाश जामोद आबकारी मुख्य आरक्षक राजाराम रायकवार, दीपक धुरिया आरक्षक अरविंद, निकिता परमार, निहाल, गोविंद, सनत, राजेश जोशी सैनिक किशोर, अनिल चौहान, अनिल शामिल थे।

# सीएम डॉ. यादव से चर्चा करने के बाद भारतीय किसान संघ का अनिशिचतकालीन धरना स्थगित

हरिभूमि न्यूज ⏭ बागली



भारतीय किसान संघ का 5 दिनो से चल रहा अनिश्चितकालीन धरना कलेक्टर ऋतुराजसिंह की मध्यस्थता में मुख्यमंत्री से चर्चा कर समाप्त हुआ। किसान संघ का प्रतिनिधि मंडल हेलीपैड पर सीएम यादव से मंगलवा को मिला था।प्रतिनिधि मंडल में प्रात सदस्य रामप्रसाद सूर्या,जिला अध्यक्ष हुकम चंद पटेल, जिला उपाध्यक्ष नारायण मंडलोई, रामनारायण यादव,इन्दर सिंह सेधव,ओम प्रकाश गुर्जर एवं अन्य कार्यकर्ताओ ने मुख्यमंत्री को निम्न समस्या से अवगत कराया।

पिछले वर्ष एवं इस वर्ष की राहत राशि नुकसानी के हिसाब से दिए जाने की मांग पर भावांतर के बजाय समर्थन मूल्य पर सोयाबीन की खरीदी की जाए।देवास जिले में एनपीके खाद 12 -32-16 की जल्द व्यवस्था की जाए। पिछले वर्ष जिन तहसीलों में नुकसान हुआ था उनको नाम मात्र का बीमा मिला है उसकी सही जांच करके फसल बीमा दिलाया जाए।प्रधानमंत्री फसल बीमा में सैटेलाइट पद्धति बन्द कर फसल कटाई प्रयोग लागु की जाए। इन विषय को लेकर मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव को मांग पत्र सोपा गया एवं जल्द ही समस्या हल करने की बात रखी।जल्द ही इफको 12 -32-16 एन पी के खाद की रेक क्षेत्र मिलेगी।जानकारी तहसील अध्यक्ष अनिल पाटीदार और मंत्री सतीश प्रजापत ने दी।

# दो टैंकरों में आग, अवैध डीजल ट्रांसफर की आशंका

हरिभूमि न्यूज ⏭ देवास



सिंगावदा क्षेत्र में बुधवार रात करीब डेढ़ बजे दो डीजल टैंकरों में आग लग गई। उज्जैन रोड स्थित सिंगावदा ग्रिड पावर हाउस के पास हुए इस हादसे में एक टैंकर का कैबिन जलकर खाक हो गया। सूचना मिलने पर नगर निगम की फायर ब्रिगेड मौके पर पहुंची और करीब एक घंटे की मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया। आग लगने से पहले टैंकरों में अचानक ब्लास्ट हुआ, जिसकी आवाज स्थानीय ग्रामीणों ने भी सुनी। आग की लपटें दूर तक उठती रहीं और दोनों टैंकरों के टायर भी जल गए। गनीमत रही कि इस घटना में किसी प्रकार की कोई जनहानि नहीं हुई। घटना की सूचना मिलते ही बीएनपी थाना पुलिस भी मौके पर पहुंची। पुलिस को आशंका है कि ज्वलनशील पदार्थ से भरे इन टैंकरों से अवैध रूप से डीजल का आदान-प्रदान किया जा रहा था। मौके से एक छोटा इंजन और पाइप भी बरामद हुआ है। जिससे ऐसा लग रहा है कि एक टैंकर से दूसरे टैंकर में ज्वलनशील पदार्थ की सप्लाई की जा रही थी। घटना के समय ड्राइवर मौके पर नहीं मिले। पुलिस अब इन वाहनों के मालिकों का पता लगाने के लिए गाड़ियों के नंबरों के आधार पर जांच कर रही है। सुरक्षा कारणों से मार्ग पर आवागमन करने वाले वाहनों को कुछ देर के लिए डायवर्ट किया गया था।

### स्वास्थ्य विभाग ने सोशल मीडिया के दुष्प्रभावों से छात्राओं को किया जागरूक, दिलवाई शपथ

# 'गलत सूचना के प्रसार से वास्तविक रिश्ते होने लगते हैं खराब'





हरिभूमि न्यूज ⏭ देवास

मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. सरोजिनी जेम्स बेक ने बताया कि सोशल मीडिया के दुष्प्रभावों में मानसिक स्वास्थ्य संबंधी समस्याएं (जैसे चिंता, अवसाद, और अकेलापन), लत लगने की संभावना, गलत सूचनाओं का प्रसार, वास्तविक दुनिया के रिश्तों में गिरावट और आत्म-सम्मान में कमी शामिल हैं। इसके अन्य नकारात्मक प्रभावों में साइबरबुलिंग, गोपनीयता की कमी और शारीरिक स्वास्थ्य पर असर जैसे निष्क्रिय जीवनशैली और नींद की कमी भी शामिल हैं। डॉ बी.आर शुक्ला एमडी मेडिसिन, जिला चिकित्सालय देवास ने कहा की वर्तमान में कोई भी व्यक्ति मोबाइल और सोशल मीडिया से दूर नही है।

अधिकतर समय बच्चो के हाथ में मोबाइल होता है सोशल मीडिया फेसबुक, इंस्टाग्राम, एक्स, यूट्यूब और व्हाट्सएप में ज्यादा समय व्यतीत कर रहे है, ये बहुत ही हानिकारक है। सभी बालिकाओं को जागरूक करते हुए शपथ दिलाई की सभी जागरूक रहे। सोशल मीडिया का उपयोग सोच-समझकर और सीमित समय के लिए करे। अपनी पढ़ाई, स्वास्थ्य और परिवार को सोशल मीडिया से अधिक प्राथमिकता दे।

किसी भी प्रकार की नकारात्मक तुलना, ट्रोलिंग या साइबरबुलिंग में भाग नहीं ले। रात के समय मोबाइल का उपयोग नहीं करे ताकि नींद और मानसिक स्वास्थ्य सुरक्षित रहे और डिजिटल दुनिया में सकारात्मकता फैलाने और दूसरों को भी जागरूक करने का कार्य करे। सोशल मीडिया के स्थान पर रचनात्मक गतिविधियों जैसे खेल, कला, संगीत और पढ़ाई को बढ़ावा देवे। सभी अपनी निजी जानकारी को सुरक्षित रखे और अनजान लोगों से सावधान रहे। सभी छात्रा अपने माता-पिता और शिक्षकों से सोशल मीडिया के उपयोग पर खुलकर संवाद करे और एक स्वस्थ, सुरक्षित और जागरूक डिजिटल नागरिक बने।

इस अवसर पर प्राचार्य चैतन्य सतपुटे स्वास्थ्य विभाग की टीम में डॉ बी. आर.शुक्ला एमडी मेडिसिन ,आरबीएसके चिकित्सक डॉ दिव्या तिवारी, डॉ. सुरभि चौधरी,उप जिला मीडिया अधिकारी कमलसिंह डावर,बीईई सुखदेव रावत सहित स्कूलों के शिक्षक शिक्षिका उपस्थित रहे।

### न्यू लायंस क्लब ने 300 बालिकाओं को किया पुरस्कार वितरित



हरिभूमि न्यूज ⏭ भौरासा

नगर के बस स्टैंड पर स्थित न्यू लायंस क्लब परिवार के द्वारा मंगलवार की संध्या को ग्राम बुदासा के मां दुर्गा रामायण मंडल द्वारा एक भव्य संगीतमय सुंदरकांड पाठ का आयोजन किया गया। इसके पश्चात पिछले दिनों नवरात्र में छोटी-छोटी नन्ही मुन्नी बालिकाओं द्वारा प्रतिदिन गरबे की प्रस्तुति देने पर कार्यक्रम आयोजित कर लगभग 300 बालिकाओं को पुरस्कार वितरित किया गया एवं सभी बालिकाओं के ग्रुप को 1 लाख 51 हजार रुपए का नगद पुरस्कार भी दिया गया। कार्यक्रम में मुख्य रूप से नगर परिषद उपाध्यक्ष जय सिंह राणा, कमलेश नामदेव, अजय किराना, कालू माली, रमेश राठौड़, पांडू लाल गोलावट, राजू गुरु, सुनील राठौर,डॉ पंकज शर्मा,अर्जुन माली ,विशाल विश्वकर्मा, अतुल लोधी अंकित जायसवाल,प्रमोद नागर, बाबूजी राठौर, जीवन माली, भौरासा प्रेस क्लब अध्यक्ष मनोज शुक्ला पत्रकार अभय देव नागर, कमल पाटीदार, मुकेश खत्री, मुकेश गोस्वामी, आदि उपस्थित रहे। कार्यक्रम का संचालन आयुष चौधरी ने किया। आभार पार्षद रोहित जायसवाल द्वारा माना गया।

## खबर संक्षेप

### मारपीट के मामले में दर्ज की एफआईआर

**ललितपुर।** कोतवाली तालबेहट अन्तर्गत ग्राम कड़ेसराकलां में रहने वाले सीताराम अहिरवार पुत्र बारेलाल ने पुलिस क्षेत्राधिकारी तालबेहट को शिकायती पत्र दिया है। बताया कि 26 सितम्बर को रात करीब 10 बजे उसका पुत्र विक्रम झांकी देखने के लिए गया था। तभी गांव के धर्मवीर पुत्र प्रकाश, तरूण पुत्र सोनू अहिरवार ने रास्ते में रोक लिया और गालियां देते हुये मारपीट कर दी, जिससे उसके पुत्र का हाथ टूट गया। शोरगुल सुनकर बचाव करने जब वह पहुंचा तो उक्त लोगों ने मारपीट करते हुये जान से मारने की धमकी दी। मामले की शिकायत 27 सितम्बर को तालबेहट पुलिस से की, लेकिन कोई सुनवाई नहीं हुयी। पीड़ित की तहरीर व सीओ के आदेश पर तालबेहट पुलिस ने उक्त लोगों के खिलाफ एफआईआर दर्ज कर विवेचना शुरू कर दी।

### एपीजे अब्दुल कलाम की पुण्यतिथि मनाई

**गुलाबगंज।** वर्ल्ड वे सीनियर सेकेंडरी स्कूल में पूर्व राष्ट्रपति डॉ एपीजे अब्दुल कलाम साहब की पुण्यतिथि पर उन्हें श्रद्धांजलि अर्पित की गई है। स्कूल डायरेक्टर दानिश अली जाफरी ने कहा कि मिसाइल मैन के नाम से मशहूर अब्दुल कलाम का पूरी जीवनी आज की युवा पीढ़ी और नई पीढ़ी के लिए एक शिक्षा की तरह है। स्कूल प्रिंसिपल अजय कुमार दास ने कहा की देश का सर्वोच्च पद पाने के बाद भी कलाम साहब हमेशा जमीन से जुड़े रहे उनका स्वभाव बेहद सहज सरल और विनम्र था वह हमेशा खुद को एक वैज्ञानिक व शिक्षक की तरह ही देखा करते थे बच्चों के द्वारा कलाम साहब के चित्र पर माल्यार्पण कर उन्हे श्रद्धांजलि अर्पित की गई।

### दो नाबालिग खोजकर परिजनों के सुपुर्द किए

**विदिशा।** जिले में गुमशुदा एवं अपहृता बालक-बालिकाओं की तलाश और सुरक्षित दस्तयाबी के लिए चलाए जा रहे ऑपरेशन मुस्कान अभियान के तहत सिविल लाइन पुलिस को बड़ी सफलता मिली है। थाना सिविल लाइन पुलिस ने अपहृत दो नाबालिग बालिकाओं को सकुशल दस्तयाब कर परिजनों के सुपुर्द किया है। 13 अक्टूबर को करैया खेड़ा रोड निवासी 16 वर्ष एवं 15 वर्ष की दो नाबालिग बालिकाओं के अपहरण की सूचना पुलिस को प्राप्त हुई थी।

### दीपावली से पहले वेतन देने सीएमओ को ज्ञापन

**विदिशा।** नेता प्रतिपक्ष आशीष माहेश्वरी ने सीएमओ दुर्गेश सिंह ठाकुर को बुधवार को ज्ञापन सौंपा। उन्होंने मांग की नगरपालिका अधिकारी, कर्मचारियों को दीपावली से पहले वेतन दिया जाए। जिससे वह खुशी-खुशी अपने परिवार के साथ दीपावली का त्यौहार मना सकें।

### पुराने पॉक्सो प्रकरण में आरोपी गिरफ्तार

**विदिशा।** त्योंदा पुलिस ने एक वर्ष पुराने गंभीर पॉक्सो प्रकरण में पुलिस ने आरोपी को गिरफ्तार कर न्यायालय में पेश किया है। आरोपी ने एक वर्ष पूर्व नाबालिग पीड़िता के साथ दुष्कर्म किया था। पीड़िता की तबीयत बिगड़ने पर घटना का खुलासा हुआ, जिसके बाद थाना त्योंदा पुलिस ने तत्परता और संवेदनशीलता के साथ जांच प्रारंभ की। जांच के दौरान पुलिस ने 14 अक्टूबर को आरोपी के घर पर दबिश देकर उसे गिरफ्तार किया। आवश्यक विधिक कार्रवाई के बाद आरोपी को न्यायालय में प्रस्तुत किया गया। पुलिस की इस त्वरित एवं प्रभावी कार्रवाई से पीड़िता के परिजनों ने राहत की सांस ली है। वहीं पुलिस अधीक्षक रोहित काशवानी ने महिला एवं बाल सुरक्षा से जुड़े मामलों में त्वरित कार्रवाई के निर्देश सभी थाना प्रभारियों को दिए हैं।

### 10 ग्राम ब्राउन शुगर और अवैध हथियार बरामद, आठ गिरफ्तार

**विदिशा।** थाना सिविल लाइन पुलिस ने अवैध हथियारों के खिलाफ बड़ी कार्रवाई की है। पुलिस ने रुसल्ला रोड बायपास के पास मुखबिर की सूचना पर दबिश देकर 10 ग्राम ब्राउन शुगर, दो तलवारों सहित 8 आरोपियों को गिरफ्तार किया है।

---

### कड़ी मेहनत से तैयार होते हैं दीप, दीपावली पर जगमग होने को तैयार

# स्थानीय निर्मित दीपों का बड़ा बाजार चीनी दीपक पसंद नहीं करते लोग





हरिभूमि न्यूज ⏭ललितपुर

जीवन में नई उमंग, तरंग, रौशनी और उम्मीदों का त्यौहारों दीपावली आने में कुछ दिन ही शेष बचे हैं। दीपावली भले ही अक्टूबर माह में है, लेकिन इसकी तैयारियां कई महीनों पहले से शुरू हो जाती है। विदेशी सामान के प्रति बदले लोगों के नजरिए के चलते इस वर्ष विदेशी सामान के साथ ही चाइनीज दियों को लोग अभी से नजर अंदाज करते देखे जा सकते हैं। इससे यही लग रहा है कि इस वर्ष दीपावली पर देशी मिटटी से बने दीपक घर-घर पहुंच कर अंधेरा दूर करने के लिए जगमग होंगे। गौरतलब है कि धन, यश, वैभव की देवी मां लक्ष्मी व भगवान विष्णु की आराधना का प्रतीक दीपावली वर्ष का सबसे बड़ा त्यौहार माना जाता है। दीपावली को दीप का त्यौहार भी कहा जाता है। दीवाली इसलिए मनायी जाती है क्योंकि इस दिन भगवान श्री राम 14 साल का वनवास काटकर अयोध्या लौटे थे। दीवाली की शाम भगवान लक्ष्मी और गणेश जी की पूजा की जाती है। इन दिन सभी लोग अपने घरों, दुकानों, दफ्तरों आदि में दीप जलाते हैं।

#### कुम्हार (प्रजापति) समाज का दीपक बनाने में बड़ा योगदान

दीपावली त्योहार को लेकर महीनों पहले शुरू होने वाली तैयारियों को लेकर बुन्देलखण्ड में कुम्हार (प्रजापति) समाज के लोग खेत से मिटटी लाते हैं। मिटटी का शोधन कर उसमें मिटटी के दिये व अन्य वर्तन बनाने के लिए तैयार करते हैं। पूरी तरह से तैयार होने के बाद मिटटी का चाक पर रखकर उसे विभिन्न आकारों में ढाल कर दिये, तवा, मटका, मटकी, गुल्लक इत्यादि के अलावा अनेकों प्रकार के वर्तन बनाये जाते हैं। मिटटी से बने इन वर्तनों को शुद्धता का प्रतीक भी कहा जाता है।

#### मिटटी के लिए पट्टों की दरकार

कुम्हार जाति के लोगों को शासन द्वारा आजीविका संचालन के लिए इलेक्ट्रिक चाक तो प्रदान किये गये थे, लेकिन उसमें कोई भी सामग्री बनाने के लिए उपयोग होने वाली मिटटी के लिए जमीनों के पट्टों का आवंटन नहीं किया गया है, जिससे चाक पाने के बाद भी कई लाभार्थियों के पास मिटटी न होने के कारण चाक बंद पड़े हैं और योजना भी अपना सार्थक रूप नहीं ले पा रही है। ऐसे में सजातीय बंधुओं ने शासन-प्रशासन से मिटटी के लिए जमीन के पट्टे किये जाने की मांग उठायी है। दिये बनाने वाले लोग बताते हैं कि उन्हें शासन से चाक देकर लाभान्वित तो किया गया था, लेकिन जमीन के लिए पट्टे नहीं दिये गये, जिससे उन्हें मिटटी के लिए काफी परेशानी का सामना करना पड़ता है।

---

### साइबर क्राइम थाने की कार्रवाई

## गलती से दूसरे खाते में भेजे 33.550 रुपए वापस कराए



**ललितपुर।** अपर पुलिस महानिदेशक कानपुर जोन, पुलिस उपमहानिरीक्षक झांसी परिक्षेत्र के निर्देशन में पुलिस अधीक्षक मो. मुश्ताक के कुशल नेतृत्व में साइबर क्राइम थाना, पुलिस द्वारा शिकायतकर्ता मोहल्ला तालाबपुरा निवासी शंकरलाल साहू पुत्र मनोहर लाल साहू के गलती 33 हजार 550 रुपये की धनराशि दूसरे व्यक्ति के खाते में भेज दिए थे, जिसके सम्बन्ध में साइबर क्राइम थाना पर पीड़ित द्वारा शिकायत की गयी थी। साइबर क्राइम थाना पुलिस टीम ने पीड़ित द्वारा उपलब्ध कराये गये बैंक स्टेटमेन्ट व अन्य प्रपत्रों के आधार पर त्वरित व प्रभावी कार्यवाही करते हुये सम्बंधित बैंक व खाता धारक से सम्पर्क कर पीड़ित के सम्पूर्ण धनराशि को नियमानुसार वापस कराया गया। पीड़ित का सम्पूर्ण धनराशि उसके खाते में वापस होने पर पीड़ित द्वारा पुलिस अधीक्षक व साइबर क्राइम थाना पुलिस टीम का आभार जताया। कार्य को अंजाम देने वाली साइबर थाना पुलिस टीम ने अपील की है कि पेमेंट करते समय सावधानी बरतें, जिनमें खाता नंबर और आईएफएससी कोड ध्यान से जांचें, पेमेंट करने से पहले रिसीवर का खाता नंबर, आईएफएससी कोड और नाम दोबारा जांचें। क्यू.आर. कोड स्कैन करते समय सावधानी रखें, केवल भरोसेमंद और प्रमाणित दुकानदार या व्यक्ति का क्यूआर कोड स्कैन करें। क्यूआर कोड ध्यान से चेक करें, यूपीआई ऐप आमतौर पर रिसीवर का नाम दिखाता है, एक बार मिलान जरूर करें। धोखाधड़ी की स्थिति में तुरंत साइबर हेल्पलाइन नंबर 1930 पर रिपोर्ट करें या एनसीसीआरपी पोर्टल या साइबर क्राइम की वेवसाइट पर अपनी शिकायत ऑनलाईन दर्ज करें तथा स्थानीय पुलिस को अविलंब सूचित करें।

---

### पठन-पाठन सामग्री व मिठाई बांटी

## जहां शिक्षा की ज्योति जलती, वहीं सेवा का दीप प्रज्वलित होताः सन्मति



**ललितपुर।** दीपावली महापर्व की पावन बेला पर लायंस क्लब ललितपुर सेवा ने जहां शिक्षा की ज्योति जलती है, वहीं सेवा का दीप प्रज्वलित होता है इस भावना को साकार किया पास्ट इंटरनेशनल डायरेक्टर, सीए एरिया लीडर, जीएटी एवं एलसीआईएफ लायन जितेंद्र सिंह चौहान के शुभ दिवस के उपलक्ष्य में आयोजित इस विशेष सेवा कार्यक्रम में समाज की निर्धन एवं प्रतिभाशाली बालिकाओं को बेडिंग सामग्री, पठन-पाठन सामग्री एवं मिठाई वितरित की गई। यह आयोजन लायन संजीव जैन (ममता स्पोर्ट्र्स), लायन हरगोविंद डोडवानी एवं लायन लोकेश जैन के सौजन्य से सम्पन्न हुआ। मुख्य अतिथि के रूप में एमजेएफ ला. सन्मति सर्राफ, डिस्ट्रिक्ट गवर्नर, लायंस इंटरनेशनल डिस्ट्रिक्ट 321-बी2 उपस्थित रहे। उन्होंने कहा कि सेवा का सबसे श्रेष्ठ रूप है शिक्षा। जब किसी बेटी के हाथ में किताब और आत्मविश्वास आता है, तभी समाज की असली दीपावली होती है। श्री चौहान ने जीवन समाजसेवा, नेतृत्व और करुणा की मिसाल है, और उनका जन्मदिन शिक्षा-सेवा उत्सव के रूप में मनाना ही सच्चा सम्मान है। विहान विद्यालय की हॉस्टल में रहकर शिक्षा प्राप्त करने वाली बालिकाओं को बेडिंग सामग्री, मिठाई एवं पठन-पाठन सामग्री भेंट की गई। विद्यालय की प्रधानाचार्या सावित्री सहित समस्त शिक्षकों एवं स्टाफ की उपस्थिति ने कार्यक्रम की गरिमा को और बढ़ाया। क्लब अध्यक्ष लायन राजीव पटवारी ने कहा कि लायंस क्लब ललितपुर सेवा का उद्देश्य केवल सहायता नहीं, बल्कि आत्मनिर्भरता है। शिक्षित बेटी ही परिवार और राष्ट्र की असली शक्ति है।

सेक्रेटरी ला. डा.दीपक चौबे ने कहा कि जब सेवा शिक्षा से जुड़ती है, तो उसका प्रभाव केवल एक दिन नहीं, बल्कि आने वाली पीडीयो तक रहता है। अतिथियों के विचारों में झलकी प्रेरणा विशिष्ट अतिथि लायन हरीश कपूर (टीटू) ने कहा कि दीपावली की असली रोशनी तब होती है जब किसी बालिका के जीवन में शिक्षा का दीपक जलता है। लायंस क्लब का यह प्रयास प्रेरणादायी है। लायन संजीव जैन (ममता स्पोर्ट्र्स) ने कहा कि पीआईडी लायन जितेंद्र सिंह चौहान का जन्मदिन सेवा और शिक्षा के संगम के रूप में मनाना समाज में नई सोच जगाता है। लायंस क्लब सेवा की पदाधिकारी ने अपने-अपने वक्तव्य में सेवा की भावना ही लायनिज़्म का आधार है, और जब यह भावना बालिकाओं की शिक्षा से जुड़ती है, तो यह समाज में स्थायी परिवर्तन लाती है। बेटी बचाओ, बेटी पढ़ाओ अभियान को सफल बनाना तभी संभव है जब हर संस्था शिक्षा-सेवा के ऐसे प्रयास करे।

#### विद्यालय परिवार को दी दीपावली की शुभकामनाएं

कार्यक्रम की अध्यक्षता प्रेसिडेंट लायन राजीव पटवारी ने की तथा संचालन लायन डा.दीपक चौबे द्वारा किया गया। विद्यालय परिवार ने लायंस क्लब के इस सराहनीय प्रयास की मुक्त कंठ से प्रशंसा की। अंत में एमजेएफ लायन सन्मति सर्राफ ने सभी लायंस सदस्यों एवं विद्यालय परिवार को दीपावली की हार्दिक शुभकामनाएं देते हुए कहा कि शिक्षा और सेवा यही दो दीपक हैं जो अंधकार मिटाते हैं। जब बेटियां शिक्षित होंगी, तभी समाज सशक्त और प्रकाशित होगा झ्र यही हमारी सच्ची दीपावली है। दीपोत्सव की इस पावन बेला पर लायंस क्लब ललितपुर सेवा का यह आयोजन शिक्षा, सेवा और संवेदना का अद्भुत संगम बन गया। समाजशास्त्र विभाग द्वारा संचालित विहान बालिका आवासीय विद्यालय (नि.श्र.) में दीपों के त्योहार दीपावली के अवसर पर लायंस क्लब के सदस्यों द्वारा विद्यालय की छात्राओं को प्रोत्साहन स्वरूप पठन-पाठन,हॉस्टल बेडिंग सामग्री एवं स्वल्पाहार वितरण कार्यक्रम का आयोजन किया गया।

#### स्वागत गीत प्रस्तुत कर अतिथियों का स्वागत

जिसके मुख्य अतिथि लायंस क्लब सेवा इस कार्यक्रम की शुरुआत में कक्षा 8 की छात्राओं द्वारा मधुर स्वागत गीत प्रस्तुत कर अतिथियों का स्वागत किया गया एवं आए हुए अतिथियों द्वारा विद्यादायिनी मां सरस्वती जी को माल्यार्पण कर उनके समक्ष दीप प्रज्वलित कर कार्यक्रम को प्रारंभ किया गया। तत्पश्चात आए हुए अतिथियों द्वारा समस्त छात्राओं को जीवन में निरंतर प्रयासरत रहते हुए आगे बढ़ाने के लिए प्रोत्साहित किया गया। छात्राओं द्वारा दिवाली पर्व के उपलक्ष पर बनाए गए सुंदर-सुंदर मिट्टी के दिये, गणेश -लक्ष्मी, वॉल हैंगिंग, ग्रीटिंग कार्ड, शुभ लाभ, तोरण, दीपक स्टैंड इत्यादि कलाओं की प्रशंसा की। विद्यालय की विद्यालय अधिक्षिका द्वारा आए हुए अतिथि गणों का आभार छात्राओं द्वारा बनाए गए बुके देकर किया गया। छात्राओं द्वारा बनाए गए बुके की उपस्थित समस्त अतिथि गणो द्वारा प्रशंसा की गयी। उनके द्वारा उपस्थित समस्त स्टाफ को ओढने वाली चादर एवं मिठाइयां व सभी छात्राओं को ओढने वाली चादर,मिठाई और स्टेशनरी वितरित की गई। जिसे पाकर समस्त स्टाफ एवं बालिकाएं प्रसन्नचित हुए। इस दौरान विद्यालय अधिक्षिका सावित्री शिक्षिका आकांक्षा पांडे, अंकिता सिंह, प्रियंका नामदेव, अभिलाषा यादव, नेहा कुशवाहा, दयाली आदि विद्यालय स्टाफ उपस्थित रहे।

---

### सीपीआर जागरूकता के अंतर्गत गोष्ठी आयोजित

# कार्डियोपलमोरनरी रेजिस्टेंस में प्रशिक्षण और सामुदायिक भागीदार को बढ़ावा देनाः अहमद

हरिभूमि न्यूज ⏭ललितपुर

सी.एम.ओ. कार्यालय ललितपुर सभागार में सीपीआर जागरूकता सप्ताह के संबंध में गोष्ठी का आयोजन किया गया। गोष्ठी में मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ. इम्तियाज अहमद ने बताया कि कार्डियोपल्मोनरी रिससिटेशन एक महत्वपूर्ण जीवनरक्षक और आपातकालीन प्रक्रिया है जो गंभीर हृदय संबंधी मामलों में जीवित रहने की संभावनाओं को बेहतर बनाती है। भारत में अचानक होने वाली मौत के मामले बढ़ रहे हैं।

सीपीआर जागरूकता सप्ताह का उद्देश्य कार्डियोपल्मोनरी रिससिटेशन में प्रशिक्षण और सामुदायिक भागीदारी को बढ़ावा देना है। नोडल अधिकारी डॉ अमित तिवारी ने बताया कि इस पहल का उद्देश्य यह सुनिश्चित करना है कि हर घर, स्कूल, कार्यालय और सार्वजनिक स्थान पर कम से कम एक व्यक्ति इस जीवनरक्षक तकनीक में प्रशिक्षित हो। देश में अचानक होने वाली मौतों के प्रमुख कारणों में से एक हृदयाघात है, और ऐसे मामले वहां होते हैं, जहां अक्सर तत्काल चिकित्सा सहायता उपलब्ध नहीं होती। ऐसे नाजुक क्षणों में, किसी व्यक्ति द्वारा समय पर सीपीआर देने से जीवन की गुणवत्ता में काफ़ी सुधार हो सकता है।

#### सीपीआर का लाइव डेमान्ट्रेशन किया

गोष्ठी के दौरान पब्लिक हेल्थ स्पेशलिस्ट डॉ. सौरभ सक्सेना ने सीपीआर का लाइव डेमोन्ट्रेशन किया। डॉ. सौरभ सक्सेना ने बताया कि लोगों में सीपीआर संबंधी जानकारी के अभाव को ध्यान में रखते हुए और निरंतर समुदाय-केंद्रित प्रयासों को बढ़ावा देने के लिए 13-से 17 अक्टूबर, 2025 तक सीपीआर जागरूकता सप्ताह मनाया जा रहा है, जिसका उद्देश्य आम लोगों में सीपीआर के बारे में व्यापक जागरूकता बढ़ाना और क्षमता निर्माण करना है। गोष्ठी के दौरान प्रतिभागियों ने




सीपीआर जागरूकता को बढ़ावा देने और दूसरों को इस जीवनरक्षक तकनीक को सीखने के लिए प्रोत्साहित करने का संकल्प भी लिया। कार्डियोपल्मोनरी रिससिटेशन एक आपातकालीन उपचार है, जो किसी व्यक्ति की साँस या दिल की धड़कन रुक जाने पर, जैसे कि दिल का दौरा पड़ने या डूबने की स्थिति में, उसकी जान बचाने में मदद कर सकता है सीपीआर की मदद से ऑक्सीजन युक्त रक्त का प्रवाह मस्तिष्क और अन्य अंगों तक बना रहता है, जो हृदय की धड़कन सामान्य होने तक मस्तिष्क को नुकसान से बचाने में महत्वपूर्ण है. । गोष्ठी के दौरान उप मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ शिव प्रकाश, डॉ. अवधेश चन्द्र यादव, कनिष्ठ सहायक कु. ललिता, जन्म-मृत्यु डीपीए आलोक सचान एवं सी.एम.ओ. कार्यालय के अन्य अधिकारी कर्मचारी मौजूद रहे ।

---

### कई राज्यों व उत्तर प्रदेश से बरामदी का दावा

## खोए हुए 134 मोबाइल फोन बरामद कर एसपी ने स्वामियों को सौंपे

हरिभूमि न्यूज ⏭ललितपुर

पुलिस अधीक्षक मो.मुश्ताक द्वारा जनसुनवाई में प्राप्त खोये/गिरे मोबाइल फोन से सम्बन्धित प्रार्थना पत्रों का संज्ञान लेते हुए सर्विलांस टीम, थानों पर गठित टीम द्वारा गुमशुदा मोबाइल फोन की बरामदगी हेतु अभियान चलाया गया था।

इस अभियान के अनुपालन में सर्विलांस टीम/थानों पर गठित टीम के अथक प्रयास से अलग-अलग राज्यों एवं उत्तर प्रदेश के अलग-अलग जिलों से विभिन्न कम्पनियों के कुल 134 अदद मल्टीमीडिया मोबाइल फोन, कीमत लगभग 24.5 लाख रूपये बरामद करने में



सफलता प्राप्त हुई है। एसपी ने पुलिस लाइन सभागार कक्ष में बरामदशुदा मोबाइल फोन को उनके वास्तविक स्वामियों को सुपुर्द किया। मोबाइल फोन बरामद करने वाली पुलिस टीम में सर्विलांस सेल प्रभारी उ.नि.अरूण कुमार, स्वाट टीम प्रभारी उ.नि.अतुल तिवारी, हे.कां.जिनेन्द्र सिंह, हे.कां.प्रशान्त कुमार, कां.रोहित कुमार, कां.मो.आमिर, कां.मोहित सिंह आदि शामिल रहे।

---

### सामूहिक विवाह के लिए करें आवेदन

## परित्याग विधवाओं के विवाह के लिए दिया जाएगा अनुदान

हरिभूमि न्यूज ⏭ ललितपुर

समाज कल्याण विभाग द्वारा संचालित गरीबी रेखा के नीचे जीवन यापन करने वाले जरुरतमन्द, निराश्रित, निर्धन परिवारों की विवाह योग्य कन्या, विधवा, परित्यक्ता, तलाकशुदा महिलाओं के सामूहिक विवाह हेतु मुख्यमंत्री सामूहिक विवाह योजना के तहत होने वाली शादियों की तिथि तय कर दी गयी है। जनपद में मुख्यमंत्री सामूहिक विवाह का आयोजन 12 नवम्बर 2025 को होना प्रस्तावित है। पंजीयन के समय वधु व वर की फोटो, आधारकार्ड, आयु प्रमाणपत्र, निवास प्रमाण पत्र, वधू की बैंक पासबुक की छायाप्रति संलग्न करना होगी। योजना का लाभ उसी वधु को दिया जाएगा जो ललितपुर की निवासी है, लेकिन वर किसी भी राज्य या जिले का हो सकता है। इस बार योजना के तहत हर जोड़े पर 1 लाख रुपयें खर्च किए जाएंगे, जिसमें 60 हजार रुपये वधू के बैंक खाते में भेजे जाएगें, जबकि बाकी राषि उपहार, आयोजन आदि पर खर्च की जाएगी। डीएम के आदेशानुसार नगर पालिका अधिशासी अधिकारी, समस्त ईओ नगर पंचायत एवं समस्त खण्ड विकास अधिकारियों को निर्देशित कर दिया गया है कि वह अपने अपने क्षेत्र में उक्त तिथि का प्रचार-प्रसार कराकर अधिक से अधिक जोड़ो का पंजीकरण कराना सुनिश्चित करें।

---

# पुलिस पंचायत में 12 वर्षों से बिछड़े रिश्तों में आई मिठासः कल तक नाराज माता-पिता और बेटे ने एक-दूसरे को खिलाई मिठाई

**रिटायर्ड कर्मचारी को वापस मिला किराए से दिया हुआ मकान।**

हरिभूमि न्यूज ⏭विदिशा

एसपी रोहित काशवानी के निर्देशन में गठित पुलिस पंचायत की साप्ताहिक बैठक अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक डॉ. प्रशांत चौबे की अध्यक्षता में संपन्न हुई। बैठक में कुल चार प्रमुख पारिवारिक एवं सामाजिक विवादों का शांतिपूर्ण समाधान किया गया।

बारह वर्षों से संपत्ति एवं कारखाने को लेकर चल रहे विवाद में माता-पिता और पुत्र के बीच वार्ता तक बंद हो चुकी थी। पुलिस पंचायत में दोनों पक्षों को समझाइश देकर सहमति बनाई गई। एक-दूसरे के दृष्टिकोण को समझते हुए परिवार ने पुरानी कटुता भुलाकर रिश्तों में नई शुरुआत की। दोनों पक्षों ने मिठाई खिलाकर सौहार्दपूर्ण तरीके से



विवाद समाप्त किया। एक बुजुर्ग दंपत्ति द्वारा शिकायत की गई कि उनका पुत्र माँ को अपशब्द कहता है। पंचायत के समक्ष दोनों पक्षों की बात सुनने के बाद बेटे को उसकी माँ के त्याग का स्मरण कराया गया। भावनात्मक समझाइश के बाद पुत्र ने माता-पिता से क्षमा मांगी, पैर छुए और मिठाई खिलाकर भविष्य में कभी झगड़ा न करने की कसम ली।

#### यह प्रकरण भी आए

एक बुजुर्ग दंपती द्वारा 7 वर्ष पूर्व गिरवी रखी चांदी की रकम की वापसी का मामला उठाया गया। पंचायत ने दोनों पक्षों को कानूनी पक्षों से अवगत कराकर सहमति कराई। अब बुजुर्ग दंपत्ति को निर्धारित राशि के अनुरूप रकम वापस की जाएगी। पुत्र के देहांत के बाद बहू से विवाद की शिकायत एक सीनियर सिटीजन द्वारा की गई थी। पंचायत ने दोनों पक्षों को सुनकर समझौता कराया कि बहू भरण-पोषण हेतु नियमित आर्थिक सहायता देगी तथा अन्य परिजन बिजली बिल व पुराने कर्जों के भुगतान में सहयोग करेंगे।

आरोपी शिक्षक को नरसिंहगढ़ के बिरगड़ी गांव से पकड़कर ले गई सीहोर पुलिस

# राजगढ़ के प्रावि शिक्षक ने सीहोर में किया जानलेवा हमला, गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज ▶▶ राजगढ़

जिले के नरसिंहगढ़ ब्लॉक के छापरीकलां प्राथमिक स्कूल में पदस्थ एक शिक्षक को सीहोर पुलिस ने जानलेवा हमले से जुड़े एक मामले में गिरफ्तार किया है। शिक्षक पर आरोप है कि उसने गत सोमवार को सीहोर जिले की सीमा में पंजाब सिंह नाम के व्यक्ति पर रॉड से जानलेवा हमला किया और फरार हो गया। बाद में सीहोर पुलिस संबंधित शिक्षक को नरसिंहगढ़ के बिरगड़ी से गिरफ्तार करके अपने साथ ले गई। सीहोर पुलिस ने बताया कि सोमवार को ग्वालियर निवासी पंजाब सिंह और दिनेश धनगर अपनी कार से इंदौर जा रहे थे। इस दौरान जैसे ही उनकी कार चौपाल सागर के समीप पहुंची तभी पीछे से आ रहे बाइक सवार शिक्षक हिम्मत सिंह मीणा ने कार रुकवाकर पंजाब सिंह पर लोहे की रॉड से हमला कर दिया। हमला करने वाला हिम्मत सिंह राजगढ़ जिले के नरसिंहगढ़ ब्लॉक के जामुनिया गौपचौहान संकुल केंद्र के तहत आने वाली शाला छापरीकलां में प्राथमिक शिक्षक के रूप में पदस्थ है। शिक्षक हिम्मत सिंह के हमले में घायल हुए पंजाब सिंह की हालत गंभीर बनी हुई है और वे भोपाल में ईलाजरत हैं।



### इनका कहना

अगर ऐसा हुआ है तो हम सीहोर पुलिस से को-ऑर्डिनेट कर एफआईआर की कॉपी मंगवाते हैं। उसके उपरान्त आगामी कार्यवाई प्रस्तावित की जाएगी।

**करण सिंह भिलाला, जिला शिक्षाधिकारी, राजगढ़**

### यह है हमले का कारण

सीहोर पुलिस की पूछताछ में आरोपी शिक्षक हिम्मत सिंह ने बताया कि पंजाब सिंह उसे ब्लैकमेल करते हुए 15 लाख रुपए की मांग कर रहा था। ब्लैकमेलिंग का कारण शिक्षक हिम्मत सिंह द्वारा नौकरी पाने लगाई गई डीएड की फर्जी मार्कशीट थी। पंजाब सिंह ने फर्जी मार्कशीट से संबंधित दस्तावेज आरटीआई की जानकारी से जुटाए थे। इस आधार पर वो हिम्मत सिंह को ब्लैकमेल कर रहा था।

### जिस बाइक से आया था वो बाइक की जब्त

शिक्षक हिम्मत ने जिस बाइक से पंजाब सिंह की कार का पीछा करने के बाद रॉड से हमला किया था, उस बाइक को भी पुलिस ने जब्ती में लिया है। सीहोर पुलिस ने बताया कि अगर आरोपी की तरफ से ब्लैकमेलिंग संबंधी शिकायत की जाएगी तो उस पर भी नियमानुसार कार्यवाही की जाएगी।

### शिक्षा विभाग भी कर रहा विभागीय जांच

आपको यह भी बतादें फर्जी मार्कशीट से नौकरी पाने के संबंध में हिम्मत सिंह पर राजगढ़ शिक्षा विभाग की जांच भी पूर्व से चल रही है। अब इस नए आपराधिक मामले के बाद जिला शिक्षा विभाग शिक्षक हिम्मत सिंह पर क्या कार्यवाही करता है, यह आने वाले समय में ही स्पष्ट हो पाएगा।

मेडिकल स्टोर संचालकों, फार्मासिस्ट की बैठक में दिए निर्देश

# 3 दवाएं बगैर डॉक्टर के पर्चे के किसी सूरत में न दें: सीएमएचओ



**राजगढ़।** प्रदेश के कुछ जिलों में जहरीली दवाओं के सेवन से हुई मासूम बच्चों की मौत के बाद स्वास्थ्य महकमा अलर्ट मोड पर है। इसी कड़ी में जिले के विभिन्न मेडिकल स्टोर्स पर जहां ड्रग इंस्पेक्टर द्वारा चेकिंग समेत अन्य कार्यवाहियां की जा रही हैं वहीं बुधवार को सीएमएचओ डॉ. शोभा पटेल ने जिले के तीन ब्लॉकों राजगढ़, ब्यावरा एवं खिलचीपुर के मेडिकल स्टोर संचालकों, फार्मासिस्टों की बैठक आयोजित कर कई तल्ख निर्देश प्रदान किए हैं।

बैठक में सीएमएचओ ने कहा कि कोई भी दवाई बगैर डॉक्टर के पर्चे के नहीं देना है। विशेषकर मिसोप्रोसटोल, मिफिप्रोस्टल या इनके संयुक्त मिश्रण एवं एविल दवाई को बगैर डॉक्टर के पर्चे के किसी भी सूरत में न देने के निर्देश सीएमएचओ ने प्रदान किए। सीएमएचओ डॉ. पटेल ने कहा कि इन दवाओं को बिना चिकित्सकीय पर्चे से दिए जाने से गलत इस्तेमाल किया जाता है। मिसोप्रोसटोल व मिफिप्रोस्टल खासकर गर्भपात एवं एविल टेबलेट का सेवन नशीले पदार्थ के रूप लोग करने लगे हैं। फार्मासिस्टों के साथ हुई उक्त बैठक का मुख्य उद्धेश्य दवाओं के दुरुपयोग को रोकना और मेडिकल स्टोर्स पर नियमों का पालन सुनिश्चित करवाना था।

### 12 मेडिकल स्टोर्स को नोटिस जारी

पिछले दिनों ड्रग इंस्पेक्टर दिलीप अग्रवाल द्वारा जिले के विभिन्न मेडिकल स्टोर्स पर जांच की गई थे। इस जांच में कुछ स्टोर्स पर फार्मासिस्ट नहीं मिले थे वहीं कुछ स्टोर्स पर क्रय-विक्रय का हिसाब नहीं मिला था। ऐसे में 12 मेडिकल स्टोर संचालकों को नोटिस जारी किए गए हैं। इनमें ब्यावरा के भाग्यश्री मेडिकल, सारंगपुर के शीला मेडिकल, सुलभ मेडिकल, तलेन के गायत्री मेडिकल, आयुष्मान मेडिकल, खुजनेर के गोविंद मेडिकल, छापीहेड़ा के धनवंतरी मेडिकल, बालाजी मेडिकल, गोस्वामी मेडिकल, बालाजी मेडिकल, शेख मेडिकल, अभय फॉर्म एजेंसी शामिल है।

# पूर्व मुख्यमंत्री उमा भारती 29 को ब्यावरा में, तैयारियां जारी

**ब्यावरा।** नगर के केसी कॉन्वेंट हाई स्कूल ब्यावरा में पिछोर के विधायक प्रीतमसिंह लोधी का आगमन हुआ। गौवंश की रक्षा को लेकर पूर्व मुख्यमंत्री सुश्री उमा भारती स्थान दुर्गा हनुमान मंदिर अयोध्या बायपास भोपाल मे 29 अक्टूबर को गोपाष्टमी पर्व पर हम सब गौ भक्त गो संवर्धन के विभिन्न आयामों पर परस्पर विचार विनिमय कर आगामी रणनीति और कार्य योजना तैयार करेंगे। जिससे साध्वी उमा भारती का मार्गदर्शन प्राप्त होगा और हम सभी सम्मिलित रूप से आयोजित भंडारे में भी प्रसादी ग्रहण करेंगे। सहभागिता के लिए पिछौर के विधायक प्रितमसिह लोधी, प्रदेश महामंत्री बांकेलाल लोधा, राष्ट्रीय महामंत्री अर्जुन सिंह आगरा सभी सामाजिक बंधुओ से कार्यक्रम की रूपरेखा को बनाने के लिए सामाजिक बंधुओ से संपर्क करने के लिए ब्यावरा विधानसभा आकर उनका केसी कॉन्वेंट हाई स्कूल ब्यावरा में स्वागत किया। इंदरसिंह मित्र मंडल के नेतृत्व में शाल साफा फूल माला और पुष्प वर्षा कर स्वागत किया।

# दीपावली पर्व के पहले महिला इंस्पेक्टर ने संभाली छापीहेड़ा थाने की कमान



हरिभूमि न्यूज ▶▶ छापीहेड़ा

छापीहेड़ा पुलिस थाने की अनुशंसा को कायम रखने की भागदौड़ को विगत कई वर्षों से टीआई पोस्ट की कुर्सी पर जनसेवा देश भक्ति के कार्य को सार्थक रूप से पुरुष कर रहे थे। परंतु दीपावली के पहले से महिला इंस्पेक्टर ने इस कार्यभार को संभाल लिया है। अब छापीहेड़ा थाने के अंतर्गत आने वाले ग्रामों में तथा नगर में शांति की मिसाल कायम रखने के लिए महिला इंस्पेक्टर संगीता शर्मा अपने कर्तव्यों को सार्थक रूप देंगी तथा जनसेवा देशभक्ति के कर्तव्यों को निर्वहन करेंगी। जब पत्रकारों ने मिलकर नगर की अव्यवस्थाओं पर नजर प्रवाहित करवाई तो श्रीमती शर्मा ने दृढ़ता के साथ अपने कार्य करने की क्षमता के बारे में बताया कि इस क्षेत्र में अपराधी तत्वों पर पुलिस की चोकन्नी नजरे रहेगी तथा आने वाले त्योहारों पर थोड़ी सी कारिस्तानी करने वाले तत्वों पर कानून का सतत रूप से डंडा चलेगा। पत्रकार संगठन के महेश गुप्ता तथा समाज सेवी रिटायर्ड शिक्षक महेश गुप्ता हेमराज जायसवाल पुरुषोत्तम गुप्ता उमेश गुप्ता सभी ने मिलकर महिला इंस्पेक्टर संगीता शर्मा को छापीहेड़ा थाने की कमान संभालने पर पुष्प भेंट कर मिठाई से स्वागत कर बधाई प्रेषित की।

# वन विभाग की छापामार कार्रवाई, 14 आरा मशीनें सील



**सारंगपुर।** वन विभाग द्वारा नियमों का उल्लंघन करने एवं प्रतिबंधित लकड़ियों का भंडारण तथा वन विभाग की स्वीकृति के बिना ही लकड़ियों का परिवहन करने सहित अन्य नियमों का पालन नहीं करने पर लगातार मिल रही शिकायतों को ध्यान में रखते हुए वन विभाग द्वारा बुधवार को छापामार कार्रवाई करते हुए सारंगपुर, पाडल्या माता, भैसवा माता, उदनखेड़ी, पचोर, संडावता, बोड़ा में आरा मशीनों पर कार्रवाई की। जानकारी देते हुए वन विभाग के अधिकारी दिनेश यादव ने बताया कि 14 आरा मशीनों को सील किया गया है, साथ ही उनको नोटिस देकर जबाव तलब किया है नियमानुसार कागज की पूर्ति नहीं करते हैं तो वन अधिनियम के तहत कार्रवाई भी की जाएगी। नोटिस के जवाब में संबंधित आरा मशीन संचालकों का संतोष पूर्ण जवाब मिलने पर ही आरा मशीन संचालित कर सकेंगे। अब देखना यह है कि आरा मशीन संचालक वन विभाग द्वारा दिए गए नोटिस के जवाब में क्या दस्तावेज प्रस्तुत करते हैं। जन चर्चा यह है कि कई आरा मशीनों के लाइसेंस नवीनीकृत नहीं हुए और कई आरा मशीन निर्धारित जमीन से हटकर संचालित हो रही हैं।

# लायंस क्लब ने पीस पोस्टर प्रतियोगिता का किया आयोजन



**सारंगपुर।** हमेशा से जनकल्याणकारी कार्यों में अग्रसर लायंस क्लब सारंगपुर के तत्वावधान में नगर के प्रतिष्ठित विद्यालय फ्यूचर इंटरनेशनल पब्लिक स्कूल में बुधवार को पीस पोस्टर प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। प्रतियोगिता का मुख्य उद्देश्य दुनिया में एकता का संदेश देना रहा। कार्यक्रम का विषय 'दुनिया में एकता' रखा गया, जिसके आधार पर विद्यार्थियों ने अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन करते हुए अद्भुत चित्रकला प्रस्तुत की। बच्चों की कल्पनाशक्ति और रंगों के माध्यम से व्यक्त किए गए। एकता के संदेश ने उपस्थित सभी को भाव-विभोर कर दिया।कार्यक्रम में विद्यार्थियों का उत्साह देखते ही बनता था और उनकी चित्रकला ही आयोजन का मुख्य आकर्षण केंद्र रही। इस अवसर पर लायन महेश शर्मा, रूपेश जोशी, प्रदीप चौहान, मनोज दंडवानी, नितिन परिहार विनय मकोडिया उपस्थित रहे।

विधिक सेवा प्राधिकरण ने किया आयोजन

# बाल-विवाह रोकने के प्रयासों के तहत सरपंचों, सचिवों की कार्यशाला आहूत



हरिभूमि न्यूज ▶▶ राजगढ़

जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के तत्वावधान में सरपंचों एवं सचिवों की एक दिवसीय कार्यशाला का आयोजन किया गया। कार्यशाला का उद्धेश्य बाल-विवाह की रोकथाम हेतु सरपंचों, सचिवों के साथ मिलकर प्रभावी रणनीति तैयार करना एवं ग्राम पंचायत स्तर पर सामूहिक जिम्मेदारी तय करना था। कार्यशाला के दौरान जिला विधिक सेवा प्राधिकरण अधिकारी श्रीमती नीलिमा देवदत्त ने कहा कि बाल विवाह एक कानूनी अपराध है। इसके लिए 2 वर्ष तक का कारावास और 01 लाख रुपये तक के जुर्माने का प्रावधान है। उन्होंने उपस्थितजनों से आह्वान किया कि यदि सभी सरपंच और सचिव ठान लें तो अपने-अपने गांवों और पंचायतों को बाल विवाह मुक्त बना सकते हैं। उन्होंने यह भी कहा कि इस दिशा में प्रत्येक जनप्रतिनिधि को संकल्प लेकर सक्रिय भूमिका निभानी चाहिए।

### विवाह पंजीयन पंचायत रिकार्ड में संधारित करें

प्राधिकरण के अधिकारियों ने सरपंच, सचिवों से कहा कि पंचायत में होने वाले बाल विवाह को रोकने की जिम्मेदारी आपकी भी है। ऐसे में सभी शादियों का पंजीयन पंचायत रिकॉर्ड में दर्ज होना चाहिए एवं कहीं पर भी बाल विवाह की जानकारी मिले तो आपको प्रशासन को सूचना देना है। अहिंसा वेलफेयर सोसायटी की जिला समन्वयक रजनी प्रजापति ने बताया कि उनकी टीम लगातार ग्रामीण क्षेत्रों में जागरूकता कार्यक्रमों और संवाद बैठकों के माध्यम से समाज में बाल विवाह के खिलाफ जनजागरण का कार्य कर रही है। उन्होंने पंचायतों में विवाह पंजीयन रजिस्टर और ग्रामों में ग्राम बाल कल्याण एवं सुरक्षा समिति के महत्व पर जानकारी प्रदान की। कार्यशाला के समापन पर उपस्थित 14 पंचायतों के सरपंचों और सचिवों ने सामूहिक रूप से शपथ ली कि वे अपने-अपने क्षेत्र को बाल विवाह मुक्त बनाने के लिए प्रतिबद्ध रहेंगे।

दो माह का मिलेगा वेतन, 2 दिन हड़ताल से नगर में फैली अव्यवस्था

# नगर पालिका कर्मचारियों की हड़ताल समाप्त

हरिभूमि न्यूज ▶▶ ब्यावरा



नगर पालिका के कर्मचारियों को पिछले 5-6 माह से वेतन नहीं मिल रहा है, जिससे उनके घर परिवार का लालन पालन करना मुश्किल हो गया। सामने दीपावली का त्यौहार है किंतु वेतन नहीं दिया गया। आक्रोशित कर्मचारियों ने हड़ताल का ऐलान करते हुए नगर पालिका के सामने धरने पर बैठ गए। कर्मचारियों के हड़ताल पर चले जाने से नगर में 2 दिन न तो साफ सफाई हुई और न ही जल की सप्लाई की गई। बुधवार को कर्मचारियों ने दो माह का वेतन दिए जाने के आश्वासन के बाद अपनी हड़ताल समाप्त कर दी है। जानकारी के अनुसार मंत्री नारायण सिंह पंवार द्वारा एसडीम को दिया गया आदेश के बाद नगर पालिका सीएमओ ने कर्मचारियों को मांगों को सुना और कुछ मांगों को जल निराकरण करने का आश्वाशन दिया, इसके बाद कर्मचारियों ने अपने हड़ताल समाप्त कर दी है। बताया जाता है कुछ मांगों के लिए एक महीने की समय सीमा मांगी लिखित में आश्वासन दिया, नगर पालिका परिषद ब्यावरा सीएमओ इकरार अहमद द्वारा जिला अध्यक्ष वीरू कछवाय का स्वागत किया। 2 माह का वेतन जल्द ही डलवाया जाएगा। दीपक वाल्मीकि ब्यावरा तहसील अध्यक्ष ट्रेड यूनियन ने बताया कि दूसरे दिन लगातार कर्मचारी हड़ताल पर थे। अधिकारी एवं जनप्रतिनिधियों ने कर्मचारियों से बैठकर चर्चा की। तहसील अध्यक्ष से मांगों को लेकर बातचीत की।

काम पर लौटे सफाईकर्मी

# मंत्री पंवार ने जताया आभार कहा- शहर की स्वच्छता ही हमारी प्राथमिकता है



**ब्यावरा।** नगर पालिका ब्यावरा क्षेत्र में पिछले कई दिनों से सफाईकर्मियों की हड़ताल के चलते शहरवासियों को भारी असुविधा का सामना करना पड़ रहा था। वेतन में विलंब की समस्या के चलते सफाईकर्मी हड़ताल पर चले गए थे, जिससे शहर की सफाई व्यवस्था पूरी तरह प्रभावित हो गई थी।

बुधवार को जिला प्रशासन एवं स्थानीय नगर पालिका अधिकारियों द्वारा सफाई कर्मचारियों के प्रतिनिधियों से चर्चा कर उनकी समस्याओं का समाधान निकाला गया। प्रशासन की पहल पर जब समाधान सामने आया तो सफाईकर्मियों ने आपसी सहमति से हड़ताल समाप्त करने का निर्णय लिया और पुनः अपने कार्यस्थल पर लौट आए। मंत्री नारायण सिंह पंवार ने सफाईकर्मियों के निर्णय का स्वागत करते हुए कहा कि सफाईकर्मी हमारे समाज के सबसे महत्वपूर्ण सहयोगी हैं। शहर की स्वच्छता और नागरिक स्वास्थ्य उनकी मेहनत और सेवा भावना पर निर्भर करता है। उनकी समस्याओं के समाधान के लिए प्रशासन लगातार प्रयासरत है। मुझे प्रसन्नता है कि सभी साथियों ने पुनः कार्य पर लौटकर शहर की सेवा का संकल्प दोहराया है। मंत्री पंवार ने आगे कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में स्वच्छ भारत मिशन जैसे जनआंदोलनों ने देश में स्वच्छता को जनभागीदारी से जोड़ा है। इसी भावना को आगे बढ़ाते हुए नगर पालिका ब्यावरा भी शहर को स्वच्छ, स्वस्थ और सुंदर बनाने की दिशा में लगातार काम कर रही है।

नगर परिषद ने विगत दिवस किया प्रस्ताव

# मोती के तालाब को जीर्णोद्धार की दरकार

हरिभूमि न्यूज ▶▶ जीरापुर



सुसनेर-जीरापुर रोड पर डग रोड वाले बालाजी मंदिर के समीप स्थित नगर का सबसे पुराना मोती का तालाब जो नगर में तत्कालीन समय में अपने नाम की प्रसिद्धि एवं अपनी पहचान से जाना जाता था। जहां पर बारह मास इस तालाब में पानी भरा रहता है। तालाब के पानी का तत्कालीन समय में पशुओं को पीने के अलावा पास की कृषि भूमि में जल स्तर बढ़ा रहता था। हालांकि छापी बांध के निर्माण उपरांत मोती का तालाब में पानी जरूर भर जाता है।

तत्कालीन जनपद अध्यक्ष स्व. पुरीलाल गुर्जर के कार्यकाल में जनपद के माध्यम से इस तालाब का गहरीकरण हुआ था उसके उपरांत मधुकांन कम्पनी ने सड़क निर्माण में तालाब परिसर से मिट्टी निकलवाई जिससे भी तालाब गहरी करण हुआ था। तथा विगत लगभग एक वर्ष पूर्व नगर परिषद ने तालाब में जल गंगा संवर्धन योजना के तहत गहरीकरण कार्य किया था जिसमें किसान अपनी अपनी ट्रालियों से मिट्टी तालाब से लेकर गए थे। क्षेत्रीय विधायक हजारीलाल दांगी ने तालाब के उचित रखरखाव तथा घाट निर्माण एवं सौंदरीकरण को लेकर विगत समय में जिला कलेक्टर राजगढ़ को लिखित में अवगत कराया था।

इस आधार पर विगत माह जिला कलेक्टर ने अपने दौरे के दौरान तालाब का स्थल निरीक्षण किया था। एवं विधायक हजारीलाल दांगी ने पत्रकारों से भी मोती के तालाब का जीर्णोद्धार एवं सौंदर्यीकरण को लेकर चर्चा की थी जिसमें पूरे तालाब परिसर को व्यवस्थित करने की बात भी रखीं थीं इस दौरान कहा था कि नगर परिषद प्रस्ताव करती हैं तो उक्त तालाब के लिए शासन स्तर से राशि आवंटित करवाई जाएगी। हाल ही में परिषद कि 10 अक्टूबर को बैठक आयोजित हुई जिसमें नगर विकास के विभिन्न बिन्दुओं सहित उक्त तालाब पर घाट निर्माण सौंदर्यीकरण के लिए डीपीआर तैयार करने का प्रस्ताव किया। तथा डीपीआर तैयार करके पुरी कार्य योजना बनाई जावेगी। सीएमओ हरीओम शर्मा ने बताया कि परिषद में डीपीआर तैयार करने का प्रस्ताव हो चुका है। उपयंत्री का कहना है कि सीमांकन करवाना है तथा परिषद एवं विधायक द्वारा यह निर्णय लिया गया कि डग मंदिर वाले तालाब पर घाट निर्माण, पिचिंग, ग्रीन बेल्ट लाइट व्यवस्था, सौंदर्यीकरण काम किया जाये जिससे वह एक पर्यटन स्थल बन सकें, तथा स्वरोजगार योजना अंतर्गत सिंघाड़ा एवं कमल की खेती हो सके जिससे लोगों को स्व रोजगार मिल सके।